3 Ambikapur-BHOOMI-pg 1_Layout 1 1/3/2024 9:57 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 4 जनवरी 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 अवैध उत्खनन व परिवहन 5 वाहनों पर हुई कार्रवाई



## खबर संक्षेप



### बीईओ के निरीक्षण में 3 शिक्षक मिले अनुपस्थित

**लखनपुर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय ने प्राथमिक और माध्यामिक शाला जूना लखनपुर एवं माध्यामिक शाला लब्जी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय का संचालन सही पाया गया। प्राथमिक शाला देवभुडू के 2 शिक्षक, प्राथमिक शाला सेलरा के एक प्राथमिक शाला लब्जी से एक शिक्षक अनुपस्थित पाए गये। अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

### अतिरिक्त सामान वापस मांगने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** सामान मांगने पर कार से उतारकर मारपीट करने के मामल में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। राजपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रेवतपुर निवासी उमाकांत पांडेय के पास 2 जनवरी को क्रेडा विभाग के ठेकेदार दिलीप कुशवाहा ने फोन कर बताया कि हरवंश जायसवाल के पास सौर ऊर्जा का सामान अधिक चला गया है। सामान वापस लेने गए ठेकेदार के कर्मचारी से हरवंश जायसवाल झगड़ा कर रहा है। ऐसे में ठेकेदार के कहने पर उमाकांत पांडेय हरवंश जायसवाल के पास पहुंचा था और कर्मचारी को अतिरिक्त सामान लेकर वापस चलने की बात कही जिसपर हरवंश जायसवाल ने उमाकांत पांडेय के साथ गाली गलौज करने के साथ ही उसे कार से उतारकर मारपीट की। इसके साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पारिवारिक विवाद पर पिता पुत्र ने किया चाकू से हमला

**अंबिकापुर।** पारिवारिक विवाद पर भाई पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। विजयनगर चौकी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम चुमरा निवासी राजकुमार अगरिया अपने छोटे भाई जोखू अगरिया से 1 जनवरी को पारिवारिक बात को लेकर विवाद कर रहे थे। विवाद की सूचना ग्रामीण की पुत्री ने अपने भाई संदीप अगरिया को दी। युवती अपने भाई को विवाद की जानकारी दे रही रही थी कि बड़े पिता राजकुमार अगरिया व उसके पुत्र अरुण अगरिया जोखू अगरिया से मारपीट करने लगे। इस दौरान पिता पुत्र ने जोखू अगरिया को जान से मारने की धमकी देते हुए चाक़ू से सिर पर हमला कर दिया जिससे वह बेहोश हो गए। आस पास के लोगों द्वारा ग्रामीण को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें बलरामपुर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। इस घटना की शिकायत युवक ने पुलिस से की है जिसपर पुलिस द्वारा मामले में धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## हाथियों के जाने से टला बड़ा खतरा, वन अधिकारियों ने ली राहत की सांस

# पूरी रात कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों का दल पहुंचा रामनगर जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने के कारण 5 दिनों से भटक रहे थे हाथी

पुलिस एवं वन अमले की संयुक्त मशक्कत के बाद शहर के पास मंडरा रहे हाथियों से फिलहाल मुक्ति मिल गई है। हालाकि हाथी अभी भी शहर से बहुत दुर नहीं गए हैं। राहत की बात है कि हाथी अपने पारम्परिक मार्ग की ओर बढ़ रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने हाथी के मार्ग में कोई व्यवधान पैदा नहीं किया तो हाथी अब अपने पारंपरिक रास्ते पर पहुंच जाएंगे।

अन्यान्य तरीके से पिछले पांच दिनों से हाथियों का मार्ग बाधित करने के कारण हाथी शहर के निकट गंझाडांड जंगल सहित आसपास के क्षेत्रों में भूखे-प्यासे भटक रहे थे। ग्रामीणों द्वारा लगातार पटाखे फोड़ने एवं सायलेंसर खोलकर ट्रैक्टर चलाने के कारण हाथी आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। तथा पूरी रात इधर – उधर भटकने के बाद वापस गंझाडांड जंगल पहुंच जा रहे थे। स्थिति भयावह बनते देख मंगलवार की रात अधिकारियों ने सख्ती करने का निर्णय ले पुलिस की मदद से संयुक्त अभियान चलाया। शाम ढलने के बाद हाथियों का दल जैसे ही जंगल के बाहर निकला गंझाडांड के ग्रामीण ट्रैक्टर चालू कर तेज आवाज में डीजे बजाने लगे। डीएफओ श्री शेखर सहित अन्य अधिकारी ग्रामीणों को समझाइश देने पहुंचे तो बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं एकत्र हो गईं। वन अमले द्वारा बार-बार समझाइश देने के बाद भी ग्रामीण ट्रैक्टर एवं डीजे बंद करने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। बाद में अमले ने डीजे का केबल निकालकर डीजे को बंद कराया। तथा कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी तो ग्रामीणों ने ट्रैक्टर बंद किया। वन एवं पुलिस विभाग की अलग–अलग छह टीमें मार्ग की बाधाओं का निराकरण करते हुए पीछे-पीछे चल रहे थें। हाथी जिस मार्ग से पहुंचे थे उसी रास्ते पर आगे चल रहे थे। काफी धीमी गति से बढ़ते हुए हाथियों का दल बधियाचुंआ, गंझाडांड, बासा होते हुए भोर में 4 बजे रामनगर जंगल पहुंचा। वन अधिकारी हाथियों के करदोनी के रास्ते वनपरिक्षेत्र लुण्ड्रा या परसा, भकुरा, ककना के रास्ते अपने पुराने रहवास क्षेत्र प्रतापपुर की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वन अमला हाथियों को उनके अनुकूल रास्ते पर आगे बढ़ने का वातावरण तैयार कर रहा है। स्थिति को देखते हुए आज भी पुलिस बल को तैनात किया गया है तथा विभाग की सभी टीमें स्थल पर तैनात हैं।



पहाड़ी की ओर जाता हाथियों का दल।

### गन्ने की फसल से मिटाई भूख

रामनगर जंगल में पहुंचने के बाद हाथियों ने गन्ना की फसल खाकर अपनी भूख मिटाई तथा जंगल किनारे के एक घर में तोड़फोड़ की। दल के पीछे-पीछे चल रहा एक दंतैल सुबह बस्ती की ओर चला गया जंगल किनारे के घर की दीवार ढहाकर घर में घुस गया तथा घर में रखा अनाज को चट कर गया। हाथियों ने एक घर के बाहर रखे मक्का को भी खा गए हैं। हाथियों के जंगल में जाने के बाद वन अमले ने राहत की सांसे ली।

#### ग्रामीण मांग रहे थे वीडियों रिकार्ड

ग्राम गंझाडांड में हाथियों का रास्ता बाधित करने के लिए ग्रामीणों को तेज आवाज के उपकरणों का उपयोग करने से मना करने पर ग्रामीणों ने अधिकारियों को घेर लिया तथा सवाल-जवाब करने लगे। इस दौरान ग्रामीण डीएफओ से हाथियों द्वारा घरों में तोड़फोड़ करने पर नया घर बनाने का आश्वासन देने एवं इसकी वीडियों रिकार्डिंग करने की मांग करने लगे। डीएफओ श्री शेखर ने कहा कि हाथियों द्वारा फसल सहित अन्य तरह की क्षति पर शासन के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जाता है। इसके लिए किसी की भी आश्वासन की आवश्यकता नहीं है। हाथियों का रास्ता रोकने की कोशिश करने वाले ग्रामीणों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी वन अधिकारियों द्वारा सख्त जवाब देने पर ग्रामीण शांत हुए।

### 9 हाथियों की तबाही से सहमें ग्रामीण



**उदयपुर।** पिछले 11 दिनों से सक्रिय 9 हाथियों का दल अब एक दर्जन से अधिक घरों को तोड़ने के साथ ही आधा दर्जन मवेशियों को मौत के घाट उतार चुका है। दो दिन पूर्व उपकापारा मोहनपुर में हाथियों ने एक ठेले को चकनाचूर करने के साथ ही ग्राम जजगी से चार किसानों के घर एवं फसल को नुकसान पहुंचाया था। मंगलवार की रात हाथियों ने ग्राम फुनगी एवं रामनगर बेंवरा पारा में नंदू पाण्डो, मानकुंवर पण्डो, प्रीतम सिंह, पनेश्वर मुनेश्वर, दयाराम, धनसाय के घर एवं फसल को क्षतिग्रस्त पहुंचाया था।

#### दल से बिछड़े दंतैल ने 3 घरों में की तोड़फोड़



**रामचंद्रपुर।** दल से भटक कर अकेले घूम रहे दंतैल ने बुधवार को तड़के ग्राम सिलाजू बैगापारा में भारी तबाही मचाई। बुधवार को तड़के 5 बजे दंतैल बैगापारा बस्ती में घुसकर घरों में तोड़फोड़ मचाने लगा। दंतैल गांव के प्रदीप प्रजापति आ.रमेश प्रजापति, सुरेन्द्र साव आ.रामनाथ साव एवं कुबई प्रजापति आ.लक्ष्मण प्रजापति के घर में तोड़फोड़ कर घर में रखे अनाज को चट कर गया। गनीमत थी कि तड़के ग्रामीण जगे हुए थे। दंतैल के पहुंचने पर ग्रामीणों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

#### चलाया गया जागरूकता अभियान

बुधवार को पूरे दिन आसपास के गांवों में अभियान चलाकर ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने, उनका रास्ता नहीं बाधित करने, हाथियों को देखने, वीडियों बनाने एवं सेल्फी नहीं लेने के लिए जागरूक किया गया।

-जैनीग्रेस कुजूर
उपवन मंडलाधिकारी

# जिपं की बैठक से देर रात घर लौटने के बाद सुबह सचिव ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- परिजन ने कहा काम के दबाव से थे अवसाद में, मचा हड़कंप, सचिव संघ ने की कार्रवाई की मांग

पंचायत सचिव द्वारा सुबह सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना से जिले में हड़कंप मच गया है। सचिव देर रात 12 बजे जिला पंचायत की बैठक से वापस घर लौटे थे और उसके बाद उन्होंने यह कदम उठा लि या । सचिव को फांसी से उतारकर अस्पताल लाया गया था जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस पूरे मामले में परिजन ने प्रशासनिक काम का दबाव बनाए जाने के कारण सचिव के अवसाद में जाने का आरोप लगाया है। इधर पंचायत सचिव संघ ने भी इस घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के पुरकेला मड़वापारा निवासी 58 वर्षीय सहनसाय पनिका आ. सुल्टू राम लालमाटी में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ थे। पंचायत सचिव मंगलवार की सुबह घर से काम के नाम पर निकले थे और देर शाम तक वापस नहीं लौटे। मृतक के पुत्र जितेंद्र कुमार व नाती सुरेंद्र कुमार का कहना है कि शाम को जब उन्हें फोन किया गया तो उन्होंने बताया कि वे जिला पंचायत में है और फिलहाल मीटिंग चल रही है। मीटिंग खत्म होने के बाद पंचायत सचिव देर रात साढ़े बारह बजे घर पहुंचे थे। इस बीच आज सुबह उन्होंने पड़ोस में स्थित खाली मकान के मयार से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। खोजबीन के बाद उनका शव फांसी पर लटका मिला जिसके बाद परिजन उन्हें लेकर आनन फानन में मिशन हॉस्पिटल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक अपने काम को लेकर वफादार थे और सरकार की योजनाओं को लागू कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे। पंचायत में शिविर होना था जिसे लेकर वे काफी परेशान थे। शिविर की तैयारियों के साथ ही मीटिंग का दबाव होने से वे परेशान चल रहे थे। वे शुगर के मरीज थे और तबियत खराब होने पर जब नाती ने उन्हें उपचार कराने को कहा तो उन्होंने काम खत्म होने का हवाला दिया था। सचिव की मौत के मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है। मिशन हॉस्पिटल चौकी पुलिस को दिए बयान में परिजन ने बताया है कि वे उच्च अधिकारियों का उनपर काम को लेकर दबाव था जिससे वे अवसाद में रहते थे। काम के दबाव में उन्होंने आत्महत्या कर ली है। फिलहाल पुलिस द्वारा शून्य पर मर्ग कायम किया गया है और जांच के लिए डायरी को रघुनाथपुर चौकी को भेजने की ⏭ शेष पेज 4 पर



निष्पक्ष जांच की मांग करते परिजन।

### पुलिस कर रही है जांच

लालमाटी के सचिव सहनसाय द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या की जानकारी मिली है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है और जांच के बाद ही वास्तविकता सामने आएगी। बैठक कुछ समय तक चली थी लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था। शिविर भी हाथियों की मौजूदगी के कारण स्थगित कर दिया गया था इस लिए उनपर शिविर का दबाव नहीं था। किसी के माध्यम से दबाव नहीं दिया गया है। प्रशासन व पंचायत की टीम अपना काम सही ढंग से कर रही है।

-**नूतन कंवर**, सीईओ जिपं

### चल रहा है सर्वे का काम

बता दें की वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में जनमन योजना के तहत सर्वे का काम चल रहा है और शिविर लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही। विशेष संरक्षित जनजातियों के सर्वे का कार्य पंचायत स्तर पर ही किया जा रहा है। बुधवार को लालमाटी में जनमन के तहत शिविर भी लगाया जाना था लेकिन वर्तमान में हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए कलेक्टर कुंदन कुमार ने प्रभावित क्षेत्र में स्कूलों की छुट्टी करने के साथ ही सर्वे व शिविर के कार्य को स्थगित करने के निर्देश भी दे दिए थे। ऐसे में फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पंचायत सचिव पर किस काम का दबाव था।

### निष्पक्ष जांच कर हो कार्रवाई

हमारे ही साथी सहन साय के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी मिली थी। पूछताछ में पता चला कि वे जिला पंचायत से मीटिंग उपरान्त रत 12 बजे के बाद घर लौटे थे और सुबह में फांसी लगा ली। प्रशासनिक दबाव में फांसी लगाई या घर में कोई परेशानी थी इसका पता लगाया जा रहा है। यदि प्रशासनिक दबाव में फांसी लगाई है तो इसकी जांच कर संबंधित पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज होना चाहिए। जांच एजेंसी इसकी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करें। सचिव संघ की मांग है कि उनके फोन रिकार्ड की जांच की जाए, इसके लिए संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा।

-**अनिल गुप्ता**, जिला अध्यक्ष सचिव संघ

# जादू टोना की शंका पर बुजुर्ग की धुरमुस से सिर कुचलकर हत्या

- आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, बाजारपारा की घटना

**राजपुर।** मंगलवार को दिनदहाड़े वृद्ध की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पड़कने में सफलता हासिल की है। आरोपियों में जादू टोना की शंका पर वृद्ध के सर को धुरमुस से कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत असनापारा गोपालपुर निवासी 80 वर्षीय राम अवतार गोंड आ. शोभरन का नगर के बाजार के समीप भी एक घर था। वृद्ध पुराने घर में ही रहता था और कभी कभार वह अपने साप्ताहिक बाजार के समीप घर में आता था। मंगलवार की दोपहर भी बुजुर्ग अपने घर आया हुआ था। इस दौरान दोपहर लगभग दो बजे मृतक के पुत्र गौरीशंकर को भतीजा ने फोन कर सूचना दी कि उसके पिता को बाजार के समीप किसी ने मार दिया है और उनक सिर फट गया है। जब पुत्र अपने बेटे व भाई के साथ मौके पर पहुंचा तो उसके पिता को गोपालपुर अस्पताल ले जाने की बात सामने आई। जब पुत्र अस्पताल पहुंचा तो उसके पिता की मौत हो चुकी थी। ऐसे में उसने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही मर्ग कायम किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर व एसडीओपी इमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में मामले की जांच की जा रही थी। पुलिस द्वारा बयान व की गई जांच के आधार पर गोपालपुर ⏭ शेष पेज 4 पर



### खेत में मिला युवक का शव, परिजन ने लगाया हत्या का आरोप



**सूरजपुर।** ग्राम पंचायत नमदगिर स्थित एक खेत में युवक का शव मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। परिजन ने युवक की हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नमदगिरी निवासी सुनील देवांगन (30 वर्ष) बीती रात परिजन को बिना बताए ही घर से निकला था जिसके बाद वापस नहीं लौटा। आज सुबह स्थानीय लोग शौच करने के लिए खेत गए तो वहां सुनील को मृत हालत में देखा। गांव के लोगों ने परिजन सहित घटना की सूचना पुलिस को दी। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो मृतक के नाक से खून बहने तथा गले में रस्सी का निशान देख हत्या करने का आरोप लगाया। इधर घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली प्रभारी विमलेश दुबे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर एएसपी शोभराज अग्रवाल घटनास्थल पहुंचे और शव को देख युवक की हत्या करने की आशंका जताई। युवक के कपड़े अस्त व्यस्त था शरीर में कई जगह चोट के निशान भी थे। जांच के लिए अम्बिकापुर से एफएसएल प्रभारी कुलदीप कुजूर टीम के साथ घटना स्थल की जांच की। इस संबंध में थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने बताया कि परिजन से पूछताछ से पता चला कि युवक शाम लगभग 7-8 बजे घर से निकला था। पहले भी वह देर रात तक घर आता था। जिस कारण परिजन ने ध्यान नहीं दिया। परिजन ने भी हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि हर पहलुओं से जांच की जा रही है और आरोपी जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है।

## सामान्य हुआ जनजीवन, लोगों ने ली राहत की सांस

# हड़ताल समाप्त होने के बाद बस स्टैंड में लौटी रौनक, शुरू हुआ बसों का परिचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चालकों की हड़ताल समाप्त होने के बाद बुधवार से जिले के साथ ही संभाग में जनजीवन सामान्य हो गया है। बस सुविधा शुरू होने के बाद फंसे हुए यात्री अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए जबकि ट्रकों के संचालन से ठप पड़ी हुई आपूर्ति भी प्रारम्भ हो गई है। हड़ताल समाप्त होने के बाद लोगों ने फिलहाल राहत की सांस ली है।

बता दें कि मोटर व्हीकल एक्ट में किए गए बदलाव व हिट एंड रन कानून को लेकर देश के साथ ही प्रदेश में भी ट्रक, बस चालक हड़ताल पर चल रहे थे। ट्रक-बस के पहिए थमने से दो दिनों से जनजीवन प्रभावित हो गया था। ट्रकों का परिचालन रुकने से सब्जी, खाद्य सामग्रियों, फल, दवाओं, पेट्रोलियम जैसे अति आवश्यक सेवाओं पर बुरा असर पड़ा था इसके साथ ही यात्री बसों के बंद होने से आवागमन ठप हो गया था और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। दो दिनों की हड़ताल के बाद जिलों में असर दिखने लगा था और पेट्रोल टंकियों में वाहनों की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। कई पेट्रोल पम्प ड्राई हो गए थे। गैस कंपनियों में सिलेंडर की आपूर्ति कम हो गई थी इसके साथ ही अनाज, खाद्य सब्जियों की आपूर्ति प्रभावित हुई। दो दिनों तक समितियों से धान का उठाव नहीं हो पाया जिससे समितियों में धान का स्टॉक जाम हो गया था। बस हड़ताल के कारण संभाग मुख्यालय के प्रतीक्षा बस स्टैंड समेत जिलों के बस स्टैंड खाली पड़े हुए थे और चारों तरफ सन्नाटा था। नए साल पर शुरू हुई हड़ताल के कारण घूमने व यात्रा पर निकले सैकड़ों लोग फंस गए थे। वहीं स्कूलों के बस नहीं चल रहे थे जिससे बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार की शाम स्थिति को देखते हुए सीएम ने बैठक लेकर जिला प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश भी दिए थे लेकिन इन सब के बीच देर शाम कानून को चालकों से विचार विमर्श के बाद लागू करने का आश्वसन मिलने के बाद संघ की ओर से हड़ताल समाप्त करने का आह्वान किया गया। आज हड़ताल समाप्त होने के बाद एक बार फिर से जन जीवन सामान्य हो गया। सामग्रियों से लदे ट्रक अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए जबकि बस स्टैंड में भी रौनक लौट आई। सुबह से ही बुकिंग शुरू हो गई और यात्री अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।



प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में खड़ी यात्री बसें।

आवश्यक सूचना

हरिभूमि

पाठकों के लिए

पाठक पुरस्कार योजना-2023


हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नहीं रहे ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्टर टॉम विल्किंसन

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर थॉमस जेफ्री विल्किंसन उर्फ टॉम विल्किंसन अब इन दुनिया में नहीं रहे। 75 साल की उम्र में एक्टर ने अपनी आखिरी सांस ली। टॉम विल्किंसन बाफ्ता और गोल्डन ग्लोब जैसे अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुके हैं। टॉम विल्किंसन के निधन की खबर सामने आने के बाद हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक का माहौल है। उनके निधन की



जानकारी उनके परिवार द्वारा जारी किए स्टेटमेंट के बाद सभी को मिली है। फैमिली के एजेंट के स्टेटमेंट में कहा गया है कि, बड़े दुख के साथ टॉम विल्किंसन का परिवार यह घोषणा कर रहा है कि 30 दिसंबर को घर पर उनका अचानक निधन हो गया। इस दौरान एक्टर की पत्नी और परिवार उनके साथ थे। हालांकि इस स्टेटमेंट में टॉम विल्किंसन के निधन का कारण नहीं बताया गया है। एक्टर के निधन की खबर ने सभी को बड़ा झटका दिया है। हॉलीवुड स्टार्स दिग्गज एक्टर टॉम विल्किंसन के निधन पर सोशल मीडिया पर शोक जाहिर कर रहे हैं। डेड इन ए वीक से उनके को-स्टाक एन्यूरिन बरनार्ड ने ट्वीट करते हुए दुख जाहिर किया है। वह लिखते हैं कि टॉम विल्किंसन के निधन की खबर से उन्हें काफी दुख पहुंचा है। एक्टर ने आगे अपने पोस्ट में लिखा कि टॉम विल्किंसन के साथ काम करके और उन्हें जानते हुए काफी अच्छा वक्त गुजरा। हमारे शानदार लीजेंड्स में से एक, जिसे हम अलविदा कहते हैं।अभी के लिए अलविदा टॉम।

### टॉलीवुड

## लिट्टी चोखा से पहले दूध बेचता था ये भोजपुरी स्टार

**मुंबई।** खेसारी लाल यादव आज भले ही एक चमकते हुए सितारे हैं लेकिन जिंदगी में परेशानियां उन्होंने बहुत झेली हैं। आज के दौर में उनकी गिनती इंडस्ट्री के महंगे सितारों में होती है। एक शो पर उन्होंने बताया था कि एक्टिंग से पहले वो लिट्टी चोखा बेचते थे। लेकिन, क्या आपको पता है कि खेसारी इससे



पहले क्या काम करते थे। कपिल शर्मा शो पर उन्होंने खुलासा किया था कि वो बचपन में लिट्टी चोखा बेचा करते थे।इस बात का जिक्र उन्होंने तब किया जब कपिल शर्मा ने शो के दौरान उनसे पूछ डाला कि क्या वो लिट्टी चोखा बेचते थे? इसपर जवाब देते हुए उन्होंने पहले हामी भरी फिर बताया कि उससे भी पहले वो दूध बेचने का काम करते थे। खेसारी यादव ने बताया कि जब वो छोटे थे तब भैंस का दूध बेचते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी बात बताई जो सुनकर सबके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि दूध में वो दो पाव पानी मिलाते थे, क्योंकि वो दूध के पैसे में से 10 रुपए चुरा लिया करते थे। कपिल ने जब उनसे पूछा कि वो पानी वाली दूध बेचते थे? तो उन्होंने कहा कि उस वक्त उनके लिए 10 रुपए की कीमत बहुत थी।10 का नोट लेकर वो भादो के मेले में जलेबी खाने जाया करते थे। शो पर खेसारी के साथ मौजूद निरहुआ भी थे। उन्होंने इस बात पर कहा कि दूध बेचने वाला इनका एक और किस्सा है जो बेहद मजेदार है। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि एक बार खेसारी दूध बेचने जा रहे थे, रास्ते में उन्हें याद आया कि उन्होंने पानी नहीं मिलाया।

### भोजपुरी

## आज रिलीज होगा 'सैंधव' का ट्रेलर, नया पोस्टर जारी

**चेन्नई।** साउथ सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती अपनी नई फिल्म 'सैंधव' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वह इस फिल्म के जरिए एक्शन से भरपूर अवतार के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गए हैं। दर्शकों के बीच फिल्म के क्रेज देखने को मिल रहा है। अक्तूबर 2023 को निर्माताओं ने



फिल्म का पवार-पैक टीजर जारी किया था, जिसे देख फैंस उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब दर्शकों को फिल्म के दमदार ट्रेलर का इंतजार है। हालांकि, जल्द ही फैंस के इस इंतजार पर विराम लगने वाला है, क्योंकि ट्रेलर की रिलीज की तारीख का खुलासा हो गया है। फिल्म के निर्माताओं ने खुलासा किया कि 'सैंधव' का ट्रेलर तीन जनवरी को आएगा। इसके साथ ही निर्माताओं ने वेंकी और बेबी सारा का एक प्यारा पोस्टर लॉन्च किया। इस प्रोजेक्ट का निर्देशन सैलेश कोलानू ने किया है और यह फिल्म पिता-बेटी के रिश्ते और बॉन्डिंग पर आधारित है। इससे पहले टीजर में वेंकटेश को एक दयालु पिता और एक क्रूर व्यक्ति के रूप में दिखाया गया था, जो नवाजुद्दीन सिद्दीकी को उनकी सबसे बड़ी कार्टेल डील को पूरा करने से रोकने के मिशन पर थे। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी सैंधव से अपना तेलुगु डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में वह नकारात्मक किरदार में नजर आएंगे। नवाजुद्दीन के जन्मदिन पर निर्माताओं ने खलनायक 'विकास मलिक' के रूप में अभिनेता का बहुप्रतीक्षित पोस्टर जारी किया था और लिखा था, 'टीम सैंधव राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती है और उन्हें डरावने रूप में पेश करती है। 'सैंधव' एक अखिल भारतीय एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें वेंकटेश मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निहारिका एंटरटेनमेंट बैनर के तले वेंकट बयानापल्ली द्वारा निर्मित है। संतोष नारायणन द्वारा संगीत दिया गया है। फिल्म में वेंकटेश और नवाजुद्दीन के अलावा बेबी सारा, आर्य, श्रद्धा श्रीनाथ, रूहानी शर्मा, एंड्रिया जेरेमिया, जिशु सेन गुप्ता और मुकेश ऋषि भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 13 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### दुल्हन का फैशन

> देश के भीतर दुल्हन के श्रृंगार से जुड़ा बहुचर्चित शो ब्राइडल एशिया मुंबई (बीए मुंबई) अगले महीने 4 व 5 फरवरी को मुंबई में होने जा रहा रहै। अपनी तरह की पहली प्रदर्शनी, ब्राइडल एशिया आपके लिए दुल्हनों के आभूषण और सहायक उपकरण का चुनिंदा संग्रह लेकर आई है। इस प्रदर्शनी में दुनिया भर से डिजाइनर और फैशन विशेषज्ञ भी पहुंचते हैं। फिलहाल इस मेगा इवेंट की तैयारियां जोरों पर है।



### लाइफ स्टाइल

## सर्दियों में चाहिए निखरती त्वचा तो मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करें

सर्दियों का मौसम आते ही लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। इसकी वजह है कि इस मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। चेहरे पर भले ही कितने प्रोडक्ट इस्तेमाल कर लिए जाएं लेकिन उसका असली गुलाबी निखार सर्दियों में खो जाता है। मिल्क पाउडर की मदद से आप अपनी त्वचा का ग्लो बरकरार रख सकते हैं। अगर आप मिल्क पाउडर की मदद से अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं तो सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ



से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी। चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें।

चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का

## बियर्ड ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो इन टिप्स से लें मदद

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है। बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें। मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है। इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।



## लोहड़ी पर पारंपरिक तरीके से होने देखें इन अभिनेत्रियों के लुक्स

### फैशन



लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति के एक दिन पहले काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार 14 जनवरी को लोहड़ी मनाई जाएगी। पंजाब और हरियाणा में लोहड़ी की काफी धूम दिखाई देती है। इस त्योहार में लोग अपनी पहली फसल का भोग



अग्नि देव को लगाते हैं। इसके लिए वो आग के चारों और चक्कर लगाते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी और मूंगफली चढ़ाते हैं। इस दौरान पुरुष और महिलाएं पारंपरिक तौर पर ही तैयार होते हैं। खासतौर पर अगर बात करें महिलाओं की तो वो बेहद ही खूबसूरत तरह से लोहड़ी के पर्व के लिए तैयार होती हैं।

अगर आपके घर में भी ये त्योहार मनाया जाता है या फिर आप पहली बार इसमें शामिल होने का सोच रहीं हैं तो हम आपको कुछ ऐसे लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिससे टिप्स लेकर आप लोहड़ी के लिए तैयार हो सकती हैं। दरअसल, आज हम आपको कुछ अभिनेत्रियों और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के पंजाबी लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो बेहद ही खूबसूरत हैं।

**सोनम बाजवा:** अगर हल्का सा कुछ पहनने का सोच रहीं हैं तो सोनम का लुक आपके लिए एक बेहद ऑप्शन है। स्काई ब्लू रंग के इस सूट के साथ माथे पर मांगटीका आप लगा सकती हैं।

**जैस्मिन भसीन:** इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता और चूड़ीदार पायजामी आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगी। इसके साथ बालों में एक प्यारी सी चोटी जरूर बनाएं। कानों में भारी झुमके आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**सरगुन मेहता:** अगर शरारा पहनना पसंद है तो सरगुन का ये लुक आपके लिए परफेक्ट लुक है। इसके लिए आप लाल रंग शरारा अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इस लुक को पूरा करने के लिए बालों में कर्ल करके कानों में हैवी से झुमके जरूर पहनें।

**श्रद्धा आर्या:** अगर आप पारंपरिक रूप से पंजाबी लुक कैरी करना चाहती हैं तो श्रद्धा आर्या की तरह पटियाला सूट अपने लिए बनवा सकती हैं। इसके बाथ बालों परांदा जरूर लगाएं। इसी से आपका लुक और खूबसरत लगेगा। लुक को पूरा करने के लिए आप माथे पर मांगटीका भी लगा सकती हैं।

**शहनाज गिल:** अगर आपकी शादी के बाद ये पहली लोहड़ी है तो शहनाज गिल की तरह भारी सा शरारा आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इसके साथ अगर आप स्लीक स्टाइल का हेयर स्टाइल बनाएंगी, तो आपका लुक और भी ज्यादा क्लासी लगेगा।

## टीनएजर्स गर्ल्स के लिए बेस्ट हैं मॉर्निंग स्किन केयर रूटीन, एक्सपर्ट के बताए तरीके को करें फॉलो

टीनएजर्स गर्ल्स से अपनी स्किन का ध्यान रखने में लापरवाही हो जाती है। ऐसे में उनकी त्वचा डल और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में आपको जरूरत है एक्सपर्ट टिप्स की जिसे फॉलो करके आप अपनी स्किन का ध्यान रख सकते हैं। डॉ. गीतिका ने इन टिप्स को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और बताया कि कैसे आप स्किन का ध्यान रख सकती हैं। टीनएजर्स गर्ल्स अपनी स्किन पर फोमिंग फेस वॉश का इस्तेमाल करें। ये स्किन के लिए काफी अच्छा होता है साथ ही माइल्ड क्लींजिंग करता है। इस तरह के फेस वॉश आपको बाजार में मिल जाते हैं जिनका इस्तेमाल आर रोजाना सुबह कर सकती हैं। आप चाहे तो इसकी जगह पर रोजाना एलोवेरा जेल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं ताकि स्किन हाइड्रेट रहे।

### मॉइश्चराइजिंग क्रीम लगाएं

स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहती है। इसके लिए बेस्ट (सनस्क्रीन लगाने का तरीका) है कि आप सन प्रोटेक्टिव क्रीम का इस्तेमाल करें। मार्केट में आपको ऐसी कई सारी क्रीम मिल जाएगी। जिसे लगाकर आप स्किन को



हेल्दी रख सकती हैं।

### फेस मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लगता है कि स्किन डल लग रही है तो इसके लिए आपको जरूरी है कि आप फेस मास्क का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप घर (ब्यूटी हैक्स) पर ही एलोवेरा जेल फेस मास्क, दही फेस मास्क या फिर पपीता फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप रोजाना सुबह इस्तेमाल करें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि इसके लिए आपको अपनी स्किन को क्लीन रखना है ताकि जब आप इसे चेहरे पर लगाएं तो कोई गंदगी न रहे।

## सटल लुक के लिए अपनी वार्डरोब में शामिल करें साड़ी डिजाइंस

साड़ी पहनने का शौक हर लड़की को होता है। इसलिए हर कोई मार्केट से जाकर अपने लिए अलग-अलग डिजाइंस की साड़ियां खरीदती हैं। कई बार ऐसा होता है कि कुछ डिजाइंस आपको पसंद होते हैं लेकिन जब आप वो ट्राई करते हैं तो अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपको कुछ नया लुक नहीं मिलता है बस वही पुराने तरीके से साड़ी पहनना पड़ता है। ऐसे में अगर आप सटल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए बेस्ट है कि आप इन साडियों को स्टाइल करें इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी।

**बॉर्डर वर्क साड़ी :** सटल लुक के लिए बेस्ट है कि आप बॉर्डर वर्क साड़ी को वियर करें। इसमें आपको पतला बॉर्डर मिलेगा जिस पर साड़ी के ब्लाउज जैसी एम्ब्राइडरी की गई होगी। आप इस तरीके की साड़ी को वियर कर सकती हैं। ये सिंपल होती हैं और कहीं भी पहनी जा सकती हैं। इनकी खास बात ये है कि इन्हें स्टाइल करने में समय भी कम लगता है। आप इसे अपनी पसंद के फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके साथ आपको हैवी वर्क ब्लाउज मिलेगा। इसलिए ये साड़ी और भी सुंदर लगेगी। इस तरह की साड़ी मार्केट में आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी।

**मिरर वर्क साड़ी:** मिरर वर्क साड़ी भी सटल लुक के लिए बेस्ट है आप इन्हें भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर (साड़ी फैशन) लगेंगी। इसमें आपको कोई बॉर्डर नहीं मिलेगा। बल्कि आपको पूरी साड़ी में थोड़ा-थोड़ा मिरर वर्क मिलेगा। जिससे ये साड़ी दिखने में हैवी लगेगी लेकिन रहेगी लाइट वेट। इसलिए आपको इस साड़ी को वियर जरूर करना चाहिए।




### कार्नर न्यूज

### फैशन के नाम पर अजीबो-गरीब चलन जोरों पर

# 'उल्टे' चश्मे से लेकर 'फटी' जींस-स्वेटर तक, जिन फैशनेबल चीजों का उड़ा मजाक वो बिकी सोने के भाव

*हाल के बरसों में कुछ अजीबो-गरीब फैशन ट्रेंड्स देखने को मिले। बड़े-बड़े ब्रांड ने इस साल के फैशन ट्रेंड्स को ट्राय किया। कई मास्क अपने डिजाइन और दाम के कारण प्रसिद्ध हुए। कुछ ड्रेस, चश्मे आदि वियर्ड फैशनेबल आइटम्स इंटरनेट पर चर्चा में रहे जिनको बेचकर कंपनी ने लाखों की कमाई की।*






**उल्टा चश्मा :** हर साल चश्मे कई स्टाइल और डिजाइन के आधार पर आते हैं। चश्मा पहनने वाला अपनी पसंद के आधार पर इनको चूज करता है। लेकिन इस साल एक अलग प्रकार का चश्मा मार्केट में आया है। इसका नाम इनवर्टेड कैट आइ ग्लासेज बताया गया। यह देखने में उल्टे चश्मे की तरह दिखाई दे रहा था। इसी वजह से ये सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहा। विश्व के चर्चित फैशन ब्रांड गूची ने इनवर्टेड कैट आइ ग्लासेज को लॉन्च किया था। इसके डिजाइन और कीमत दोनों ने ही लोगों को चौंका दिया।

**'प्योर गोल्ड' हेडफोन्स :** कोरोना काल में सोने का मास्क देखने को मिला। मगर साल खत्म होते-होते हमने सोने का बना हेडफोन भी देख लिया। इसको लेकर भी खूब बातें चलीं। हम अधिकतर प्लास्टिक या मैटल से बने हेडफोन्स का ही प्रयोग करते हैं। हमने ऐसे ही हेडफोन देखे हैं। लेकिन जब 'प्योर गोल्ड' हेडफोन्स बिकने लगे तो इस बात ने भी सबको शॉक्ड कर दिया।

**दाग लगी गंदी जींस :** कभी घास पर फिस कर गिरे होंगे तो आपको उसका दाग याद होगा! ऐसे दाग वाली एक जींस मार्केट में बिकने लगी। इस दाग लगी गंदी जींस को देखकर कई लोग सोच में पड़ गए, भला कौन ऐसी जींस को खरीदना पसंद करेगा। दरअसल, लग्जरी फैशन ब्रांड गुची ने अपना विंटर कलेक्शन लॉन्च किया। उसमें इस दाग वाली जींस को भी शामिल किया।





**फटा हुआ स्वेटर :** फैशन की दुनिया में आए दिन कुछ न कुछ एक्सपेरिमेंट होते रहते हैं। ऐसी ही चीजें हमारे ध्यान को आकर्षित करती हैं। हाल ही में सर्दी से बचाने के लिए फटा हुआ स्वेटर बिकने लगा। लोग इस स्वेटर के डिजाइन को देखकर सोच में पड़ गए। लोग पूछने लगे- भाई ये क्या बिक रहा है। सोशल मीडिया पर इस स्वेटर ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचने का काम किया। इस आउटफिट को विश्वविख्यात फैशन ब्रांड जारा ने विंटर में लॉन्च किया है।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे बुजुर्ग की मौत

बतौली/ सेदम। सेदम पुलिया के समीप पैदल जा रहे बुजुर्ग को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सेदम निवासी धनवान साहू आ. गोपाल साहू (80 वर्ष) आज शाम पैदल घर जा रहा था। जैसे ही सेदम पुलिया के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार शिवलाल ने टक्कर मार दी जिससे वृद्ध सड़क पर गिरने से अचेत हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल शांतिपारा स्थित अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन जैसे ही घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे तभी उसकी मौत हो गई।

## निधन

### दशरथ प्रसाद गुप्ता

**अम्बिकापुर।** तहसील मुख्यालय दरिमा निवासी दशरथ गुप्ता का मंगलवार को निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य रह रहे थे। उपचार के दौरान एक निजी चिकित्सालय में उन्होंने अंतिम सांसे ली। वे जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अभिकर्ता अनिल गुप्ता के पिता थे। वे अपने पीछे 3 पुत्र व एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए है। बुधवार को खर्रा नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए।



### विजय बहादुर सिंह

**अम्बिकापुर।** शहर के प्रतापपुर चौक निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक विजय बहादुर सिंह का ह्दयघात से बुधवार को निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। वे राम लखन सिंह, अभिमन्यु सिंह, भूपेन्द्र सिंह एवं शिक्षक अमित सिंह के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को सुबह 9 बजे शंकरघाट स्थित मुक्ति धाम में किया जाएगा।



**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर**
**जिला सरगुजा छ.ग.**
रा.प्र.क्र.202401021200/अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रोहित ताम्रकार आ. बिहारी लाल ताम्रकार, जाति-ठठेरा, निवासी वार्ड क्रमांक 18 केदारपुर, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ.ग., के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-श्रीमती राजश्री फाये पत्नी संजय फाये, जाति-सोनार, निवासी-न्यू हनुमान मंदिर बुढ़ापारा, रायपुर, जिला-रायपुर, के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 01, मोहल्ला-केदारपुर, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 113/2, 114/2, 115/2 रकबा 0.01, 0.01, 0.03 एकड़ भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 113/2, 114/2, 115/2 रकबा 0.01, 0.01, 0.03 एकड़ भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 24.08.2023 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता- श्रीमती राजश्री फाये पत्नी संजय फाये, जाति-सोनार, निवासी-न्यू हनुमान मंदिर बुढ़ापारा, रायपुर, जिला-रायपुर, के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 01, मोहल्ला-केदारपुर, नगर अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, छ.ग. से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 24.08.2023 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बावत् आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110, छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखत दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 19/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/01/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

## दो ग्राम पंचायतों में मचाया उत्पात, डेढ़ दर्जन लोगों को किया घायल

# बंदर के उत्पात से सहमे स्कूली बच्चे, भाग कर बचाई जान





स्कूल में उत्पात मचाते हुए बच्चों पर हमला करता बंदर।



जान बचाकर भागते बच्चे।



बंदर के हमले से घायल ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

पिछले दो दिनों से दो पंचायत के लोग गांव में उत्पात मचा रहे बंदर से काफी परेशान थे। इसी बीच बंदर ने डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को काट कर घायल कर दिया। इधर घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम ने उत्पात मचा रहे बंदर को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ और गांव से लगभग 25-30 किमी दूर जंगल में छोड़ दिया। गांव से काफी दूर छोड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

**खास बात**
- वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बंदर को पकड़ा

ग्राम पंचायत कानपुर व लूरंगी के प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार को ग्राम पंचायत कानपुर व लूरंगी में एक बंदर दो दिनों तक न सिर्फ जमकर उत्पात मचाया बल्कि ग्राम पंचायत के स्कूल में भी पहुंच बच्चों को दौड़ाने लगा। ग्रामीणों ने बताया कि 2 जनवरी की दोपहर ग्राम पंचायत कानपुर के बिजानिया डामर निवासी बबलू आ. बेचैन, रामजी आ. लालू, धनंजय गुप्ता आ. कामेश्वर गुप्ता अफजल अंसारी आ. मनन अंसारी, विनोद आ. गणेश, रामनयन यादव आ. तन यादव, ललन यादव आ. नंद कुमार के अलावा ग्राम पंचायत लुर्गी के शिवचंद आ. बिरजू, बीरबल आ. चेतू, गोपाल नागवंशी आ. फजियत सहित अन्य लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज और बलरामपुर जिला अस्पताल में जारी है। इधर बंदर के अचानक गांव में लोगों पर हमला करने से लोग भयभीत हो गए।

स्कूल में बंदर के पहुंच जाने पर शिक्षकों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी जिस पर वन अमला ने कड़ी मशक्कत के बाद उत्पात मचा रहे बंदर को पकड़ गांव की सीमा से लगभग 25 से 30 किमी दूर जंगल में छोड़ दिया। बंदर के काफी दूर छोड़ने पर गांव के लोगों ने राहत की सांस ली।

### स्कूल में भी किया हमला

ग्राम पंचायत लुरगी एवं कानपुर के प्राथमिक शाला के स्कूलों में भी बंदर ने जमकर उत्पाद मचाया। इधर स्कूल के शिक्षिका निर्मला जायसवाल जो टेबल पर बैठकर नाश्ते की तैयारी कर रही थी तभी बंदर आकर उनके सर पर बैठ गया। बंदर के सिर पर बैठ जो शिक्षिका टिफिन बॉक्स को फेंक दिया तब जाकर वह भाग सकी। शिक्षिका के भागने पर बंदर दूसरी शिक्षिका के सिर पर बैठकर सर साफ करने लगा। शिक्षिका को कुछ समय में नहीं आया और वह बच्चों को स्कूल के अंदर जाने को कहा। बच्चे बस्ता को छोड़ क्लास रूम भागे। हालांकि बंदर बच्चों पर हमला किया परंतु बच्चे क्लास रूम में पहुंच चुके थे।

### बच्चों में मचा हड़कंप

सर्दी के इस मौसम में कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण बच्चे स्कूल के बाहर धूप में पढ़ाई कर रहे थे। इस दौरान बंदर ने आकर अपनी हरकतें चालू कर दी। लगातार दो दिनों तक यह क्रम चलता रहा जिससे बच्चे भयभीत हो गए। आज भी बंदर फिर से आया तो बच्चे भयभीत हो गए। बंदर को आया देखकर तत्काल महिला टीचरों ने बच्चों को स्कूल बिल्डिंग के अंदर क्लास रूम में भागने के निर्देश दिए और तत्काल बच्चे अपना बैग छोड़कर स्कूल के अंदर भागने लगे और बंदर उनका पीछा किया। गनीमत था कि बंदर किसी बच्चे को पकड़ नहीं सका नहीं तो उन्हें भी काट कर घायल कर सकता था।

# कृषि उद्यमिता के अवसरों की कार्यशाला में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

कृषि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय विज्ञान केंद्र में एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह एवं चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एकलव्य विवि के कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति पूजा मलैया, रति मलैया, कुलपति डॉ. पवन जैन एवं कुलसचिव डॉ. शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ पवन जैन ने कृषि प्रशिक्षण के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जहां कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक से खेती करने के पर्याप्त अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं युवाओं को कृषि संबंधित उद्यमिता के अवसर एवं आधुनिक तकनीक से कृषि के बारे में जागरूक किया। विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप लकड़ा ने कम खर्च में आधुनिक तकनीक के माध्यम से अधिक कृषि उत्पादन पर जोर दिया। पुष्पेंद्र पैंकरा ने कृषि कौशल विकास पर जोर देते हुए कृषि कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम सहायक पौध रोग विज्ञान संतोष साहू ने टिकाऊ खेती पर पीपीटी के माध्यम से एकीकृत कीट प्रबंधन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में डॉ. रमाकांत त्रिपाठी, कमलेश सेन, सचिन शर्मा, डॉ. हृदयनारायण तिवारी सहित कृषक, कृषि सखी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी शामिल हुए।




## दो दिन के भीतर बढ़े सभी सब्जियों के दाम

# चालकों की हड़ताल से सब्जियों की कीमतों में आया उछाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सूरजपुर

वाहन चालकों के दो दिनों से हड़ताल पर रहने तथा बस सहित ट्रांसपोर्ट वाहनों के पूरी तरह से ठप होने से इसका असर सब्जी मार्केट में देखने को मिला। चार दिन पूर्व जिस सब्जी रेट महज 30 से 35 रूपए था उसका रेट एकाएक डेढ़ गुना हो गया। ऐसे में लोग सब्जी से दूरी बनाने लगे। हालांकि आज तड़के से ही परिवहन शुरू हो गया परंतु सब्जी मंडी में पर्याप्त सब्जी नहीं पहुंचने से देर में ज्यादा अंदर नहीं आया। सब्जी व्यवसायियों की माने तो सब्जी आवक बढ़ने के बाद एक दो दिन के बाद सब्जी की कीमत पूर्व की भांति हो जाएगी।

- एक दो दिन के भीतर कीमत में आ सकती है गिरावट

मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नए कानून लाए जाने के विरोध में बस, ट्रक सहित अन्य वाहन चालकों ने सोमवार से ही हड़ताल शुरू कर दिया। जिससे ट्रांसपोर्ट वाहन, बस सहित अन्य वाहनों की आवागमन पूरी तरह से ठप हो गई। इधर वाहन के बंद हो जाने के बाद मंडी तक भी बाहर से आने वाली सब्जी नहीं पहुंची जिससे सब्जी की आवक नहीं होने पर सब्जी विक्रेताओं ने सब्जी की कीमत बढ़ा दी। मंगलवार को पूरी तरह से वाहनों के आवागमन बाधित होने के से बाजार में सब्जी की कीमत आसमान छूने लगी। आलू, प्याज, फूल गोभी, पत्ता गोभी, बैंगन, परवल, भिंडी सहित जो सब्जी पहले परवल को छोड़ 20 से लेकर 30 रूपए के बीच बिक्री की जाती थी उसकी कीमत में एकाएक उछाल आ गया और परवल 100 रूपए के पार हो गया जबकि अन्य सब्जी कीमत 40 से लेकर 50-60 रुपए हो गई। अचानक सब्जी की कीमत बढ़ जाने से लोगों का बजट भी बिगड़ गया। ऐसे में जो लोग पहले दो तीन किलो खरीदते थे वे भी सब्जी की बढ़ी कीमत को देख महज एक-डेढ़ किलो से काम चलाने लगे। बीती रात चालकों के हड़ताल की घोषणा होते ही लोगों को सब्जी की कीमत कुछ कम होने की आस जगी परंतु तड़के मंडी में कम वाहनों के पहुंचे के कारण आज सब्जी की कीमत में पांच से दस रूपए का अंतर देखा गया। आज भी बाजार में फूल गोभी, पत्ता गोभी, बैगन, मटर की कीमत 40 रूपए थी जबकि परवल, कटहल की कीमत में ज्यादा अंतर नहीं आया। वहीं टमाटर, आलू, मूली की कीमत 20 रुपए था।



सब्जी बाजार का नजारा।

### एक दो दिन में दाम हो सकते हैं कम

सब्जी व्यवसायियों ने बताया कि कुछ सब्जी शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र से ग्रामीण लेकर आते है। परंतु बस सुविधा बंद होने के कारण वे भी सब्जी लेकर दो दिन से बाजार नहीं पहुंचे और जिसके पास वाहन की सुविधा थी वे ही बाजार में सब्जी लेकर आए थे जबकि कुछ सब्जियां दूसरे जिले से भी आती है जिससे बाजार में सब्जी की आवक कम थी। चालकों के हड़ताल खत्म होने पर अब बाजार में सब्जी की आवक बढ़ जाएगी जिससे एक दो दिन के भीतर ही सब्जी की कीमत पूर्व की भांति हो जाएगी।

# आम जनता को होनी चाहिए कानून की सही जानकारी : टोप्पो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

पुलिस विभाग द्वारा ग्राम कोटछाल में चलित थाना का आयोजन कर ग्रामीणों को कानून संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस चलित थाना में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामकुमार टोप्पो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून के प्रति आम लोगों को जागरूक करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। आम लोगों को नियम एवं कानून की जानकारी होनी चाहिए।

- चलित थाना में विधायक ने लोगों को किया जागरूक

हमारे देश का संविधान एवं कानून आम लोगों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए बनाया गया है। इस कानून के तहत आम नागरिकों को बहुत सारे अधिकार एवं सुविधा मिले हुए है। जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी होती है और जानकारी के आभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जिसे कानून की जानकारी होती है वो अपने साथ दूसरों को न्याय दिला पाने में सक्षम होते है। एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने कहा कि आम जनता और पुलिस के बीच अच्छे संबंध और संवाद कायम करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, बालक एवं महिलाओं से संबंधित अपराध पर विस्तार से जानकारी दी। थाना प्रभारी अश्विनी सिंह ने कहा कि साइबर अपराध इन दिनों तेजी से पैर पसार रहा है। जिसके झांसे में आकर लोग अपनी जमा पूंजी लूटा दे रहे है। ऐसे अपराधों से बचने के लिए काफी सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कॉल एवं मैसेज के जरिए होने वाले ठगी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। थाना प्रभारी ने यातायात नियम, नशे का दुष्प्रभाव, ऑनलाइन ठगी एवं सामान बेचने वाले बाहरी व्यक्ति से बचने की सलाह दी।मानव तस्करी के बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि लोग बड़े बड़े सपने दिखाकर बाहर ले जाते है। जहां वो मोटी रकम लेकर भोलेभाले लोगो दुसरो के हवाले कर देते है। ऐसे लोग अगर गांव मे दिखे तो तत्काल थाने में सूचित करें ताकि उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किया जा सके। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मैनपाट रजनीश पांडेय, कुंजबिहारी गुप्ता, रवि भोय, संजय भगत, भवानी सिंह, वशिष्ठ दास, विक्की सोनी समेत पुलिस बल एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



चलित थाना में लोगों को जानकारी दते विधायक।

**TOP IN SURGUJA**

**गायत्री हॉस्पिटल**
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

रायपुर के वरिष्ठ एवं अनुभवी रक्त रोग विशेषज्ञ
**डॉ. निहार गुप्ता** MBBS, MD, FICH (Hematologist)
रक्त रोग विभिन्न लक्षण
- खून की कमी
- प्लेटलेट की कमी
- बार-बार खून चढ़ना
- सिकल सेल एनीमिया
- थैलेसीमिया
- ब्लड कैंसर
- बोन मैरो ट्रांसप्लांट
- Aplastic Anemia
- Multiple Myeloma

दिनांक 07 जनवरी 2024 रविवार समय : दोपहर 2 से सायं 4 बजे तक

दिनांक 07 जनवरी 2024 रविवार समय : दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक

सुप्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट रोग विशेषज्ञ
**डॉ. आशु जैन** MBBS, MD, M.Ch Neuro Surgeon
क्या आप भी परेशान है इन सब से...
- नसो में कमजोरी
- हाथ पैर में कम्पन, झुनझुनी
- चक्कर बेहोशी
- याददाश्त कम होना
- मिर्गी, फिट जलन
- सिर दर्द माईग्रेन लकवा
- (पैरालिसिस)
- हाथ पैर में कमजोरी
- डायबिटिक न्यरोपैथी
- हाथ, पैर, कमर, गर्दन में असहनीयदर्द

गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL 24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

**Health Town**

**मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल**
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
**डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)** पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध | जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

**सरगुजा मार्केट**

**डॉ. तुषार जैन**
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
स्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक-14 जनवरी, 2024
दिन-रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
**निशांत मेडिकोज**
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
**मूत्र रोग विशेषज्ञ** परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार
**डॉ. राहुल कपूर** (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टेट कैंसर का ईलाज।

अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
**डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल** MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

**हृदय रोग ओपीडी** आपके शहर अंबिकापुर में
नारायणा हेल्थ, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
**डॉ. एस.एस. पाढ़ी**
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
हृदय रोग के सामान्य लक्षण :-
- सीने में दर्द
- साँस लेने में तकलीफ, जल्दी थक जाना
- अनियमित हृदय गति
- जी मचलना, सीने में जलन, पेट और पीठ में दर्द
- बाएं कंधे या बांह से बाएं शरीर में दर्द फैलना

13 जनवरी 2024 शनिवार
**प्रकाश हॉस्पिटल**
जिला अस्पतला रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9617247433, 9713667433

पथरी मतलब
**लेजर हॉस्पिटल**
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
**लेजर हॉस्पिटल**
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

**न्यूरो ओ.पी.डी.** प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
**डॉ. हर्षित मिश्रा**
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
**डॉ. संजीत जायसवाल**
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्धः
07 जनवरी 2024, दिन- रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

**फार्म भरें**
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठयक्रम
**कक्षा 10, 12 वीं**
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करे।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
**डॉ. अमरीन फिरदौसी**
BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

**गुप्त रोग** का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - **विश्वास औषधालय**
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद पर चचेरे भाई ने की बहन से मारपीट, जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** जमीन विवाद पर चचेरे भाई ने बहन की पिटाई कर दी। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया गया है। राजपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चुहुल मरकाम पति निर्मल मरकाम शादी के बाद पिता के घर में ही रहती है। महिला अपने पता की इकलौती संतान है और पिता ने पूरी जमीन बेटी के नाम पर कर दी है। इस बात को लेकर महिला के बड़े पिता का पुत्र साधु गोंड रंजिश रखता है और। 1 जनवरी को चचेरा भाई साधू गोंड जमीन को लेकर अपनी बहन से गाली गलौज करने के साथ ही जमकर मारपीट की। इस घटना की शिकायत महिला ने पुलिस से की है जिसपर पुलिस द्वारा मामले में धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बाइक भिड़ंत में एक युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** चंद्रमेढा के समीप दो बाइक के आमने-सामने भिड़ंत हो जाने एक युवक की मौत हो गई जबकि सवार दूसरा युवक घायल हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी अनुसार भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम बेलटुकरी निवासी लालसाय आ. राम प्रसाद गिरी (24 वर्ष) मंगलवार को चचेरे भाई रमेश गिरी के साथ ग्राम खरसोता गया था। शाम को दोनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम चंद्रमेढ़ा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनो बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लालसाय व रमेश घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज सुबह लालसाय की मौत हो गई।

## पेज 1 के शेष...

### जिपं की बैठक से देर...

बात कही जा रही है। वहीं इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है। काम के नाम पर देर रात तक चलने वाली बैठकों को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे है जबकि पंचायत सचिव संघ ने भी इस घटना को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने सचिव साथी की मौत पर शोक व्यक्त करने के साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इधर इस मामले में प्रशासन का कहना है कि पुलिस की जांच में मामला स्पष्ट हो जाएगा।

### जादू टोना की शंका...

बाजारपारा निवासी 33 वर्षीय काशीनाथ सांडिल्य आ. राम साय सांडिल्य व 22 वर्षीय बलदेव आयाम आ. ठाकुर आयाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने बताया कि उन्हें बुजुर्ग पर जादू टोना का शक था और मृतिक जब भी अपने बाजारपारा स्थित घर आता था तो काशीनाथ सांडिल्य के बच्चे बीमार हो जाते थे। घटना दिवस को भी सुबह में मृतक उनके घर पर फावड़ा मांगने के लिए आया हुआ था इस बात से नाराज होकर उन्होंने जमीन समतल करने वाले धुरमुस से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों काशीनाथ सांडिल्य व बलदेव आयाम को धारा 302, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रमाकांत साहू, सउनि प्रकाश तिर्की, उमेश प्रभाकर, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, विष्णुकांत मिश्रा, आरक्षक विजय पैकरा, संतोष सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, संजय जायसवाल, हरिशंकर डनसेना, नरेन्द्र कश्यप, बृजेन्द्र भगत, बालेश एक्का सक्रिय रहे।

### 15 गुमटी संचालकों ने खुद खाली करनी शुरू की शासकीय जमीन

# प्रतीक्षा बस स्टैंड में ननि ने चलाया अभियान, जब्त की गई चार गुमटियां



अतिक्रमण हटाते निगम करमीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में एक बार फिर से नगर निगम में नो वेंडिंग जोन में नियम विरुद्ध तरीके से संचालित ठेले गुमटियों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को ननि आयुक्त के निर्देश पर उड़न दस्ता दल की टीम द्वारा शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में अभियान चलाकर गुमटियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम द्वारा चार गुमटियों को जब्त किया गया इसके साथ ही दर्जनभर से अधिक गुमटी संचालकों को अपना नो वेंडिंग जोन से अपनी गुमटियों को हटाने के निर्देश दिए है जिसके बाद गुमटी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जिला प्रशासन व नगर निगम की टीम एक्टिव हो गई है और शहर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नो वेंडिंग जोन में संचालित ठेले गुमटियों को हटाया जा रहा है। इस बीच शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में भी बड़ी संख्या में नो वेंडिंग जोन में संचालित ठेले गुमटियों को निगम आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देश पर नोटिस जारी किया गया था। बस स्टैंड में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से गुमटियां संचालित की जा रही थी। बड़ी बात यह है कि इन गुमटियों में शाम के बाद अवैध रूप से शराब परोसने का काम भी किया जा रहा था जिससे बस स्टैंड का माहौल बिगड़ रहा था। नोटिस के बाद भी गुमटियों को नहीं हटाने के बाद आज ननि आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देश पर उड़न दस्ता टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। टीम बुलडोजर लेकर बस स्टैंड पहुंची और चार गुमटियों को जब्त कर लिया। बुलडोजर कार्रवाई के बाद गुमटी संचालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान गुमटियों को जब्त होने की कार्रवाई से बचने के लिए संचालकों ने खुद ही गुमटियों को खाली करना शुरू कर दिया। निगम द्वारा लगभग 15 गुमटी संचालकों को देर शाम तक अपनी गुमटियों को खाली करके निगम की जमीन को खाली करने के निर्देश दिए है। हालांकि निगम द्वारा गुमटी संचालकों को प्रतीक्षा बस स्टैंड में पीछे की ओर खाली पड़ी जमीन में विस्थापित करने की योजना भी बनाई जा रही है।

**खास बात**
- कार्रवाई से मचा हड़कंप

### किराए पर चल रही गुमटियां

निगम की कार्रवाई के दौरान एक बड़ी जानकारी सामने आई। शहर में लोग अपने रोजगार के नाम पर एक साथ दो से टीम गुमटियों को एक ही स्थान पर लगाकर चला रहे है। इनमें से एक गुमटी में वे स्वयं व्यवसाय करते है जबकि बाकी गुमटियों को किराए पर लगा दिया जाता है। आज भी निगम की कार्रवाई के दौरान जब्त की गई गुमटियां किराए पर संचालित थी। जब टीम ने कार्रवाई शुरू की तो गुमटी स्वामी सामने नहीं आए। इसके बाद टीम द्वारा गुमटियों को जब्त कर लिया गया है।

## एनएच 343 किनारे से हटाया गया अतिक्रमण

**बलरामपुर।** नगर पालिका क्षेत्र में आज नपा व यातायात पुलिस टीम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। एनएच 343 किनारे किए गए अतिक्रमण को टीम द्वारा बुलडोजर चलाकर हटाया गया। एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग 343 किनारे अतिक्रमण को हटाने व यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। नगर पालिका सीएमओ सुमित गुप्ता व यातायात प्रभारी विमलेश देवांगन के नेतृत्व में टीम द्वारा साप्ताहिक बाजार के समीप से अतिक्रमण हटाया गया। इसके साथ ही लोगों को समझाइस दी गई कि वे अपने दुकान व वाहन एनएच किनारे ना लगाए अन्यथा उनपर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस कार्रवाई में यातायात विभाग से प्रधान आरक्षक बूटन सिंह, आरक्षक नरेंद्र, पुनरेश्वर, सैनिक जय प्रकाश व अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।





# अवैध उत्खनन व परिवहन 5 वाहनों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

खनिज शाखा विभाग के खनिज अमला, राजस्व अमला एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जिले में खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले अवैध उत्खनन कर्ता एवं परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध जांच व कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान पत्थर, गिट्टी, मुरूम, मिट्टी ईट, रेत आदि का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर मशीन एवं वाहनों को जब्त कर अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। दिसम्बर माह तक कुल 9 वाहनों में से 5 वाहनो का कार्रवाई करते हुए परिवहन कर्ताओ से अर्थदंड के रूप में 1 लाख 89 हजार 661 रुपये वसूल किया गया। अवैध उत्खनन का 1 प्रकरण व अवैध परिवहन के 3 प्रकरण लंबित हैं।

### अवैध रूप से रेत परिवहन कार्य में लगे ट्रैक्टर को नायब तहसीलदार ने किया जब्त



**बिश्रामपुर।** अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन कार्य में लगे रेत लोड एक ट्रैक्टर को पकड़कर कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुंजनगर निवासी छतर राजवाड़े के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15 डीई 8013 को चालक हर्राटिकरा निवासी 23 वर्षीय सुनील राजवाड़े पिता राम प्रसाद जो हर्राटिकरा घुनघुट्टा नदी से अवैध रूप से रेत लोडकर अवराडुग्गु जा रहा था। तभी कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी ने कुंजनगर में उक्त रेत लोड वाहन को रोककर चालक से दस्तावेज की मांग की। चालक द्वारा दस्तावेज न पेश किए जाने पर पिलखा नायब तहसीलदार ने कार्यवाही की है।

## गंभीर बीमारी से सैनिक की मौत, रायपुर में चल रहा था उपचार



**सीतापुर।** सेना में पदस्थ जवान का उपचार के दौरान निधन हो गया। जवान अस्थमा व अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो गए थे। उनका पार्थिव शरीर गृहग्राम लाया जा रहा है जहां ससम्मान उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बताया जा रहा है कि उलकिया गाड़ाबहरी निवासी अरुण कुमार आ. सीताराम सेना में कॉन्स्टेबल के पद पर पदस्थ थे। वर्तमान में उनकी ड्यूटी पिथौरागढ़ में थी। सैनिक 25 दिसंबर को छुट्टी पर घर लौटा था इस दौरान तबियत खराब होने पर उन्हें उपचार के लिए रायपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। सैनिक को जांच के दौरान अस्थमा व किडनी के बीमारी की जानकारी सामने आई थी और उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। निधन उपरान्त सैनिक का शव गृहग्राम लाया जा रहा है जहां गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सेना के जवान के निधन पर विधायक व पूर्व सैनिक राम कुमार टोप्पो ने शोक जाहिर करते हुए श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि यह देश के साथ सैनिक के परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।

- आज किया जाएगा अंतिम संस्कार

### मोबाईल छीनने से नाराज युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** परिजन द्वारा मोबाईल छीनने से नाराज युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि कुमदा के माईनस कालोनी झुग्गी बस्ती निवासी किराना व्यवसाई टुनटून सिंह की करीब 19 वर्षीय पुत्री बुलबुल ने बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे परिजन द्वारा मोबाईल छीन लेने से नाराज होकर घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले में मर्ग कायम करते हुए विवेचना शुरू की है।

# पहाड़ी कोरवा ग्राम घटगांव में शिविर लगाकर दी गई योजनाओं की जानकारी



**राजपुर।** विकासखंड के पहाड़ी कोरवा ग्राम घटगांव में सोमवार को प्रधानमंत्री जनमन योजना व विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री व सभापति मुकेश गुप्ता ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष पीछे जनजाति पहाड़ी कोरवा को लेकर एक बड़ी योजना चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री जन मन योजनास्टॉल लगाकर हमारे पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगों को सभी सुविधाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। राशन कार्ड, पेंशन कई जगह पेयजल व्यवस्था को लेकर के विद्युत व्यवस्था लेकर के आवेदन शिविर में मिले है मिला है जिसको संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है। अमला पहाड़ी कोरबा बस्ती में योजनाओं का लाभ दिलाने सर्वे कर रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय की सरकार बन गई है पूरे प्रदेश में हर योजना का लाभ शुरू हो गया है। बरियों मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल जायसवाल ने तीन पंचायत घटगांव, आरा, अमडीपारा के लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को विशेष रूप से जानकारी लेकर उसका लाभ लेने की बात कही। शिविर में बरियों मंडल महामंत्री जितेंद्र जायसवाल, प्रभारी सीईओ यसवंत सिंह, बीईओ अदित्य पाटनवार, एसडीओ धर्मेंद्र गुप्ता, मंडल संयोजक रमेश आगरे, त्रिवेद सांडिल्य, पंचायत इंस्पेक्टर फूलमोहन राम, श्याम लाल गुप्ता, संतोष मिश्रा, ककना पूर्व सरपंच हरिकिशन पैकरा व अन्य मौजूद थे।

### विवि के विधिक छात्र छात्राओं ने विकसित भारत अभियान के तहत रखे विचार



**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री के विकसित भारत अभियान के तहत संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय में बुधवार को विधिक अध्ययन विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधिक अध्ययन विभाग के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने निबंध लेखन, कार्यशाला एवं सेमीनार में हिस्सा लिया। छात्र छात्राओं ने शिक्षा में सुधार, भ्रष्टाचार को दूर करने, मातृभाषा में शिक्षा, स्वास्थ्य के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष समन नारायण उपाध्याय, प्रोफेसर डॉ. नीमा कमर, उषा अग्रवाल, नसीमुद्दीन खान, अंकिता केसरी सहित अन्य छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा/डांड़गांव



विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम केदमा एवं नरेगा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विधायक निर्वाचित होने के बाद प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर उन्हें कार्यक्रम स्थल पर पहुंचाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मादी भारत के प्रत्येक नागरिक की चिन्ता करते हैं और अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में कोई भी अन्तिम छोर का व्यक्ति ना छूटे इसलिए शिविर के माध्यम से लोगों को योजनाओं के और करीब लाने की पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई समस्या हो तो आपको नेता पकड़ने की जरूरत नहीं है। सीधे आकर मुझसे मिलें सबकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जल्द ही महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रूपये आना शुरू हो जाएगा। सभा को उदयपुर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, लखनपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, जनपद अध्यक्ष भोजवन्ती सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण किया। इस दौरान विनोद अग्रवाल, भज्जू राय, सरपंच कृतिका सिंह, प्रबोध सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, बुद्यमोहन सिंह, तबरेज आलम, दिनेश बारी, बृजेश चतुर्वेदी, सन्तोष मझवार, राजेन्द्र सिंह, अजय भगत, श्रीनाथ सिंह, महेश्वर पैकरा आदि उपस्थित थे।

## एसडीएम ने स्लाटर हाउस का किया निरीक्षण



**सीतापुर।** नगर में अव्यवस्थित ढंग से संचालित मटन मुर्गा एवं मछली दुकानों को व्यवस्थित करने प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा दिए गए निर्देश के बाद आज प्रशासन एवं नगर पंचायत ने नगर में अव्यवस्थित तरीके से चल रहे मटन दुकानों को व्यवस्थित करने निरीक्षण किया। एसडीएम रवि राही ने वार्ड क्र-10 में स्थित स्लाटर हाउस एवं वहां निर्मित दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पंचायत को व्याप्त कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए ताकि व्यवस्थित ढंग से मटन, मुर्गा एवं मछली दुकान संचालित हो सके। इस अवसर पर सीएमओ जीवनलाल यादव विक्रांत सोनी एवं अन्य उपस्थित थे।

## वन ठेकेदार संघ ने सीताराम अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि



**अम्बिकापुर।** वन ठेकेदार संघ ने कांग्रेस नेता राजीव अग्रवाल के पिता सीताराम अग्रवाल के निधन पर उनके निवास पहुंच श्रद्धांजलि दी। इस दौरान संघ द्वारा स्व. सीताराम अग्रवाल के छायाचित्र में लिखा संवेदना-पत्र उनके परिजन को प्रदान किया। वन ठेकेदार संघ ने संवेदना-पत्र में लिखा कि समाजसेवी सीताराम अग्रवाल के स्वर्गारोहण से हम समस्त वन ठेकेदार संघ के सदस्य एवं पदाधिकारी स्तब्ध है। अपने जीवन की अविरल यात्रा में उदार हृदय, निःस्वार्थ सेवा भाव के पथ पर चलते हुए प्रभु के चरणों में विलीन हो गए। उनका आशीर्वाद और उनका स्नेह सदैव हम पर बरसता रहेगा। ईश्वर से कामना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे एवं इस गहन दुःख की बेला में गहन आघात को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान वन ठेकेदार संघ के उपाध्यक्ष मनीष गोयल, सचिव मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुलबीर चौधरी, जनक लाल अग्रवाल, सीपी गोयल, संतोष अग्रवाल, पवन अग्रवाल, कमल अग्रवाल, आरपी शर्मा, कैलाश शर्मा, विवेक अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, कैलास चन्द अग्रवाल, अनिल गोयल, शिव अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, पंकज गुप्ता व अन्य ने स्व. सीताराम अग्रवाल को पुष्पांजलि अर्पित की।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# समृद्ध व सशक्त गांव से ही विकसित भारत का मिल सकता है लक्ष्य : सिरदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का शुभारंभ गोद ग्राम पेन्डरखी में बुधवार को नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर किया गया।

सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल कमिश्नर बस्तर व अध्यक्ष अखिल भारतीय बिंझिया समाज बीएस सिरदार, विशिष्ट अतिथि फलेश्वर सिंह पटेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती बागेश्वरी सिंह सरपंच पेन्डरखी द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती व राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत, स्वागत गीत व नृत्य की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह द्वारा सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर के उद्देश्य व लक्ष्य सहित इस दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीएस सिरदार ने कहा कि आज भी भारत की लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में निवास करती है। समृद्ध व सशक्त गांव से ही विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंनें कहा कि नशा खोरी आज समाज की सबसे बड़ी समस्या है। उन्होंनें नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सभी स्वयंसेवकों को योगदान देने की आह्वान करते हुए कहा कि अभाव में ही प्रतिभाएं विकसित होती है। उन्होंनें अपने व्यक्तिगत जीवन के कई रोचक अनुभवों के द्वारा स्वयंसेवकों को प्रेरित किया।कार्यक्रम को सरपंच बागेश्वरी सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में संतोष सिंह, शैलेन्द्र साहू, शिक्षक अरुण कुमार सिंह, वंदना मिश्रा, मंजू प्रसाद, पूनम, लीलावती राजवाड़े, अलका मिंज, सुनीता यादव, उर्मिला सिंह, सचिव हेमन्त दास, परमेश्वर सिंह वरिष्ठ स्वयंसेवक मानिकचन्द, शंकर कुमार देवांगन सहित पंकज प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पेन्द्र नायक गैस्ट्रोसर्जन
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष चौरसिया एम. सी. एच. न्यूरोसर्जन
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. बी बी कुमार MBBS, MD (Medicine) Rheumatology
छग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD FICH Hematologist
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छग के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु शेखर MBBS, MS (Orthopaedic)
चर्मरोग, गुप्तरोग, कुष्ठ रोग, बालों एवं त्वचा शल्य चिकित्सक डॉ. निश्चल श्रीवास्तव MD, Dermatology, Venereology & Leprology
छग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. आशु जैन MS, MCH, FHU, Neurosurgery
07 जनवरी 2024 प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध